12 सितम्बर 1962 को मेजर चन्द्र बहादुर साही एक कम्पनी के एक सेक्शन तथा दो स्काउट कारों के साथ एलिज़ाबेथ-विल के बाहर लुआनो हवाई अड्डे के उत्तर की ओर से आने वाली सड़कों की गश्त लगा रहे थे । जब गश्त अपने आधार से कोई चार मील दूरी पर एक ऐसे वन्य स्थान पर कि जिस पर अभी तक कटंगा की जेंडरमरी ने कब्ज़ा नहीं किया था उन्होंने एकाएक देखा कि कटंगी सेना की एक सौ कमांडो तेज़ी से भली प्रकार सुरक्षित खाइयों में सड़क के दूसरी ओर स्थान ले रही है । मेजर साही ने फौरन ही अपने सेक्शन को आदेश दिया कि वह सड़क के दूसरी ओर चोटियों की मांद वाले ऊंचे स्थान पर कब्ज़ा जमा ले और वहां से आक्रमण कर के कटंगी सेना को उनके स्थानों से बाहर निकाल दे । ज्योंही पेट्रोल के लोग नीचे उतरे कोई एक सौ पैरा कमांडों ने उन्हें घेर लिया । इस अवसर पर मेजर साही ने उच्च कोटि का साहस, स्थिरता और सामयिक सूझ-बूझ का परिचय देते हुए न केवल उस स्थान पर कब्ज़ा बनाये रक्खा बल्कि छिप कर इस भांति अपने जवानों को आगे बढ़ाया कि थोड़ी संख्या होते हुए भी, विरोधी दल को यह भ्रम दिलाया कि उनके पास अधिक शक्ति है । इस पर भी पैरा कमांडों ने उन के सेक्शन पर आक्रमण किया और उन पर अपने स्वचालित हथियारों से फायर किया । अब पेट्रोल विषम स्थिति में था । उस समय मेजर साही दौड़ कर ब्रेन गन के पास गये और उन्होंने फायर करने का आदेश दिया । पैरा कमांडों के लोग उनके आक्रमण से आश्चर्य में पड़ गये उन्होंने आक्रमण करना छोड़ दिया और झाड़ियों में छिप गये । इस प्रकार जिन स्थानों पर उन्होंने कब्ज़ा किया उनमें 20 भली प्रकार खुदे हुए बंकर और बहुत गोला बारूद का सामान भी था । जिस समय एक पेट्रोल इन सब सामानों पर कब्ज़ा कर रहा था बाकी जवान मेजर साही के नेतृत्व में दुश्मन के धोखे की देख-रेख कर रहे थे । ठीक इसी समय एक पैरा कमांडो अफसर उनके सामने बात-चीत के लिये दिखाई पड़ा और बहुतेरे पैरा कमांडो के जवान पास की चोटियों की मांद से अपने अफसर को चारों ओर से सुरक्षित किये हुए थे । अपने कमांडर की सलाह के विरुद्ध मेजर साही बिल्कुल अकेले आगे बढ़े और ज्योंही उन्होंने पैरा कमांडो के अफसर से हाथ मिलाया पैरा कमांडो के अन्य जवानों ने मेजर साही पर फायर करना आरम्भ कर दिया और ठीक उसी समय उनके बाकी पेट्रोल पर भी धावा बोल दिया । सौभाग्य से मेजर साही पर गोली नहीं लगी और वे फौरन ही अपनी पेट्रोल पार्टी में जा कर मिल गये । पैरा कमांडों के तीन कार्मिक जिन्होंने धावा बोला था फौरन ही वापस भेज दिये गये और बाकी लोग अपने मरे हुए जवानों को पीछे छोड़ कर भाग गये ।

मेजर साही के साहस, चतुरता, सूझ-बूझ, और नेतृत्व के परिणामस्वरूप उन का पेट्रोल पैरा कमांडों को पीछे धकेलने में सफल हुआ, यद्यपि उन की संख्या शत्रु के मुकाबिले में बहुत ही थोड़ी थी ।

7. कप्तान देवरत सर्वाधिकारी (आई० सी० 8124)—

5/8 गोरखा राइफल्स ।

12 जनवरी 1962, को कप्तान डी० सर्वाधिकारी जवानों के एक कालम के कमांडर की हैसियत में नागालैंड के आस-पास के जंगलों में उस गांव का पता लगाने के लिये तैनात किये गये जिसमें या तो उपद्रवियों को पकड़ना था और उन के गोला बारूद पर अधिकार करना था । स्थिति का ठीक ठीक पता लगाने के बाद कालम कमांडर ने अपनी सेना को गांव के बहुत ही नज़दीक जमाया । उन्होंने भांप लिया था कि उपद्रवी जो उस क्षेत्र में काम कर रहे थे या तो उस गांव में मिलेंगे या अन्धेरे या घने जंगलों में होकर पास वाले नाले में जा कर छिपेंगे ।

13 जनवरी 1962 को कालम ने गांव को घेर लिया । भली-भांति जांच-पड़ताल के बाद भी उपद्रवियों का कुछ भी पता नहीं चला । इसके बाद कालम कमांडर ने नाले और जंगलों की तलाश की । कालम ने उस नाले में उपद्रवियों के तीन छिपने वाले स्थानों का पता लगाया । ये स्थान खाली थे । उसके तुरन्त बाद तीन उपद्रवी अपने हथियारों सहित भाग रहे थे । अपने जवानों को होशियारी से खड़ा करके उन्होंने उपद्रवियों के भागने की सारी योजना विफल कर दी । अन्त में उपद्रवी एक दूसरी दिशा में भागने लगे, किन्तु वे हमारे जवानों की हल्की मशीन गनों के निशाने में आ गये और सब के सब मारे गये । कुछ हथियार भी पकड़े गये ।

इस संक्रिया में जो सफलता प्राप्त हुई वह कप्तान सर्वाधिकारी के कुशलतापूर्ण योजना और नेतृत्व का ही परिणाम था ।

8. कप्तान विजय कुमार नायर (आई० सी० 5858)—
पैराच्यूट रेजिमेंट ।

अप्रैल 1961 में कप्तान बी० के० नायर हमारी उत्तरी सीमाओं पर ऊंचे पर्वत पर एक चौकी स्थापित करने के लिये तैनात किये गये । इस काम के लिये उन्हें 2 पैरा (मराठा) का एक ट्रूप दिया गया । यह काम बहुत कठिन तथा दुःसाध्य था । इस काम के लिये ऊंचे पहाड़ में स्थित दर्रे पर 60 मील चलना पड़ता था, जहां का रास्ता बर्फ से ढका हुआ था और कुछ भागों में रास्ता नहीं था । एक दफा तो कुलियों ने आगे बढ़ने से इन्कार कर दिया । इस बात की तथा अन्य कठिनाइयों की परवाह न करते हुए कप्तान नायर ने निश्चित तिथि तक अपने सुपुर्द काम को पूरा कर दिया । यह काम उनके नेतृत्व और संगठन शक्ति के बल पर ही पूरा हो सका ।

चौकी स्थापित हो जाने के बाद कठिनाई से भरी हुई परिस्थितियों तथा बन्धनों में उनके प्लाटून को वहां कुछ समय के लिये रहना पड़ा। किन्तु कप्तान नायर के नेतृत्व में जवान प्रसन्नता तथा बिना किसी प्रकार की अनिच्छा दिखाये हुये वहां रहे। उनकी कर्त्तव्य-परायणता से प्रेरणा लेकर उन्होंने अपना उच्च आदर्श बनाये रखा।

उस चौकी पर ठहरने के दौरान में कप्तान नायर ने दो सैनिक कुलियों की प्राण-रक्षा की जो एक दर्रे के पास घिर कर एक बड़े तूफान में घिर गये थे। कप्तान नायर दो अन्य सैनिकों के साथ उन कुलियों का पता लगाने के लिये चल पड़े। वे दोनों कुली प्रायः आधे शरीर तक बर्फ में दब गये थे जिनकी हालत बहुत ही खराब थी। यद्यपि वे तथा उनके जवान थक चुके थे, फिर भी वे दोनों कुलियों को अपनी चौकी तक वापस लाये।

कप्तान नायर की अति साधारण कर्त्तव्य-परायणता और निःस्वार्थ सेवा अपने आधीन सब जवानों के लिये प्रेरणास्पद रही।

9. कप्तान तेम्सुजुंगबो आवो (एम० आर० 1391)—ए० एम० सी०

पैदल सेना की एक टुकड़ी ने हमारी उत्तरी सीमाओं पर कोई 18,000 फुट ऊंचे दर्रे को पार करके प्रायः 15,000 फुट की ऊंचाई पर एक चौकी बनाई। यह क्षेत्र सितम्बर से जून तक बर्फ से ढका रहता है। कप्तान टी० आवो इस टुकड़ी के मेडिकल अफसर के रूप में जवानों के स्वास्थ्य और सुख-सुविधा के लिये बहुत सहायक रहे। उनके लगातार प्रयत्न, नितान्त प्रसन्नता और सहायता ने टुकड़ी के जवानों के नैतिक स्तर को कठिन परिस्थितियों में उच्च बनाये रखा।

6 मई 1961 को कप्तान टी० आवो ने दो सिविल कुलियों की सहायता की और स्वेच्छा से 18,000 फुट से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित दर्रे पर कुलियों को निकालने के लिये सर्वदा बर्फ से ढके हुये रास्ते पर साथ चले। उनके लगातार प्रयत्नों के फलस्वरूप दो कुलियों में से एक का जीवन बचाने में वे सफल हुये।

इस टुकड़ी के संपूर्ण संचरण में कप्तान आवो ने विपरीत परिस्थितियों में भी निस्पृह कर्त्तव्य-परायणता का उच्च उदाहरण उपस्थित किया। उनके अनथक परिश्रम के बिना इस टुकड़ी के जिम्मे जो काम सौंपा गया था वह कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता था।

10. कप्तान दीवान श्री राम साहनी (आई० सी० 7314)—कोर आफ इंजीनियर्स

25 मार्च 1962 को कप्तान साहनी एक इंजीनियर की हैसियत में मेजर एस० एस० रंधावा के नेतृत्व में एक पेट्रोल के साथ जाने के लिये तैनात किये गये।

इस पेट्रोल को प्रायः 200 मील की दूरी 28 दिनों में पर्वतीय क्षेत्र में प्रायः 20,000 फुट की ऊंचाई पर 6 फुट गहरे बर्फ और ग्लेशियरों में होकर जाना था। प्रायः ४० मील का नया रास्ता 17,000 फुट ऊंचे दर्रों को पार करके, संकरे खड्डों में से होकर जवानों और खच्चरों के लिये बनाना था। इस दर्मियान में चार दिन तक बर्फ पड़ती रही।

इस कठिन यात्रा में कप्तान साहनी ने एक कुशल इंजीनियर के रूप में कठिन पर्वतीय क्षेत्र में रास्ते का पता लगाने तथा नया रास्ता बनाने में सफलता प्राप्त की। पेट्रोल के सफलतापूर्वक आगे बढ़ने के परिणामस्वरूप भारतीय भूमि का एक बड़ा इलाका चीनियों के कब्जे में आने से बचाया गया।

कप्तान साहनी ने विषम परिस्थिति में प्रशंसनीय कुशलता तथा कर्त्तव्य-परायणता दिखलाई।

11. कप्तान जसबीरपाल सिंह (आई० सी० 5984)—8 गोरखा राइफल्स

अप्रैल 1962 में कप्तान जसबीरपाल सिंह की कमान में गोरखा राइफल्स बटालियन की एक कम्पनी को नागालैंड के एक भीतरी क्षेत्र से उपद्रवियों के स्थानों का पता लगाने तथा उन्हें वहां से निकाल फेंकने का काम सौंपा गया। 20 अप्रैल 1962 को कठिन क्षेत्र में 9 घंटे चलने के बाद कम्पनी उपद्रवियों के एक छिपे स्थान का पता लगाने में सफल हो गई। कप्तान जसबीरपाल सिंह ने फौरन ही चतुराई से अपनी कम्पनी को उपद्रवियों के निकल भागने वाले सारे रास्तों पर लगा दिया। जवानों के देखते ही उपद्रवियों ने उन पर फायर आरम्भ कर दिया। कप्तान जसबीरपाल सिंह ने फौरन ही अपनी कम्पनी को उपद्रवियों पर आक्रमण करने का आदेश दिया और स्वयं उस आक्रमण का नेतृत्व किया। उपद्रवियों ने हमारे जवानों पर ज़बर्दस्त फायर किया, किन्तु हमारे जवानों के आक्रमण की तीव्रता देखकर वे डर के मारे कुछ गोला बारूद तथा मूल्यवान पत्रों को छोड़कर इधर उधर भाग गये।

कप्तान जसबीरपाल सिंह ने इस संक्रिया में प्रशंसनीय पहल शक्ति, साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

12. कप्तान पुरषोत्तमलाल खेर (आई० सी० 6405)—8 गोरखा राइफल्स

अप्रैल 1961 में कप्तान खेर, जो चुशूल में गोरखा राइफल्स के एक अग्रवर्ती दल में थे, नाला जंकशन तथा हाट स्प्रिंग क्षेत्र में अनुसंधान करके चौकियां स्थापित करने के विचार से तैनात किये गये। हाट स्प्रिंग पहुंचने के लिये 18,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित एक दर्रे को पार करना आवश्यक था जो 15 फुट से भी अधिक गहराई तक बर्फ से ढका हुआ था। ढेर के ढेर बर्फ के गल कर गिर जाने तथा सख्त हवा चलने के कारण इस दर्रे को पार करना खतरे से खाली नहीं था। 19 अप्रैल 1961 को उनके दल ने दर्रा पार करने का प्रयत्न किया। किन्तु दर्रे की चोटी पर पहुंचने के बाद सख्त हवा चलने के कारण उन्हें अपना प्रयत्न छोड़ना पड़ा। 20 अप्रैल 1961 को इस दल ने दुबारा प्रयत्न किया, किन्तु फिर उसे वापस आना पड़ा। 21 अप्रैल 1961 को तीसरा प्रयत्न किया गया, जो सफल हुआ। एक स्थानीय गाइड तथा सांडों (याक) के मर जाने के बावजूद कप्तान खेर अपने दल को आगे ले चला, किन्तु वे दर्रे तक न पहुंच सके। बहुत तेज हवा तथा प्रकाश की कमी के कारण आगे चलना कठिन हो गया था। ऐसे समय, कप्तान खेर जवानों को पीछे छोड़कर स्वयं रास्ता तलाश करने के लिये कोई 20,000 फुट ऊंचे पहाड़ पर चढ़े। इस प्रकार उन्होंने रास्ते का पता लगा लिया और उनकी पार्टी गुनले स्थान पर २२ को प्रातः १ बजे पहुंच गई। गुनले में शरण के लिये कोई स्थान न होने के कारण, उनकी पार्टी को 17,000 फुट से भी अधिक ऊंचाई पर बिना किसी बिस्तर तथा खाने के, बिल्कुल खुले रात बितानी पड़ी; क्योंकि खाना तथा बिस्तर ले चलने वाले याक पीछे छूट गये थे। जवान बिल्कुल थक गये थे और उनमें से दो तो बेहोश होकर गिरने ही वाले थे। फिर भी दल ने अपनी यात्रा जारी रखी और 22 अप्रैल 1961 को शाम को वह सागसालू नामक स्थान पर पहुंच गया।

कप्तान खेर के साहस, निश्चयात्मकता और कर्त्तव्य-परायणता के कारण ही यह टोह सफल हुई और इस कठिन क्षेत्र में चौकियों की स्थापना हो सकी ।

13. सेकंड लेफ्टिनेंट औतार सिंह चीमा (आई० सी०-12113)—पैराच्यूट रेजिमेंट

सेकंड लेफ्टिनेंट औतार सिंह चीमा उस आधार शिविर के कार्यभारी थे जो प्रायः 15,000 फुट की ऊंचाई पर उत्तरी सीमा पर चौकियां स्थापित करने के सिलसिले में बनाया गया था। एक अग्रवर्ती चौकी पर दो दिनों से राशन नहीं था, क्योंकि संभावित वायुयान द्वारा रसद गिराने के काम में सफलता नहीं मिली। सेकंड लेफ्टिनेंट चीमा ने एक सप्लाई कालम को संगठित किया । 30 अप्रैल 1961 अर्धरात्रि को वे आधार शिविर से अपने सहित, बीस जवानों के साथ रवाना हुये जिनमें से प्रत्येक के पास 40 पौंड राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं थीं । वे सख्त बर्फानी हवा का मुकाबिला करते हुये अपने मार्ग पर बढ़ने लगे, मौसम बहुत खराब था और किसी भी समय अवलांशों का खतरा था । सुबह हुई, उन्हें अग्रवर्ती चौकी दिखलाई पड़ने लगी । जब उन्होंने देखा कि वायुयान चौकी पर आकर रसद गिराने लगा तब सेकंड लेफ्टिनेंट चीमा अपने थके हुये जवानों सहित अपने आधार शिविर को वापस आये। स्वयं एक बेहद थके मांदे, पस्त हिम्मत जवान को उठाकर वे चलते रहे ।

मई 1961 में एक चौकी पर रसद गिराते समय भारतीय वायु सेना का एक वायुयान टकरा कर गिर पड़ा और वायुयान के कुछ कार्मिक मारे गये । सेकंड लेफ्टिनेंट चीमा ध्वस्त वायुयान का पता लगाने, मृत कार्मिकों की अन्त्येष्टि करने और उनका फूल लाने के लिये तैनात किये गये । 2 दिनों के बाद दो अन्य जवानों की मदद से उन्होंने इस काम में सफलता प्राप्त की ।

फिर 22 जुलाई, 1961 को सूचना मिली कि गश्त लगाते हुये एक पेट्रोल लापता हो गया, और वायरलेस से उसका सम्बन्ध टूट गया । सेकंड लेफ्टिनेंट चीमा एक पार्टी के साथ गये और उन्होंने 17,000 फुट से भी अधिक ऊंचाई पर अनजाने और बिना रास्ते वाले क्षेत्र में खराब मौसम के विरुद्ध अपना काम करते हुये 36 घंटे तलाश करने के बाद थके हुये गश्ती पेट्रोल का पता लगाने में सफलता प्राप्त की और उसे चौकी पर वापस लाये ।

इस नौजवान अफसर ने विषम परिस्थितियों के बावजूद जो नेतृत्व तथा अति साधारण कर्त्तव्य-परायणता दिखलाई वह हमारी सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप थी ।

14. सेकंड लेफ्टिनेंट छेवांग रिचेन (जे० के० सी०-43)—एम० वी० सी० जम्मू तथा काश्मीर मिलीशिया

4 सितम्बर 1962 को दौलत बेग ओल्दी में सूचना मिली कि हमारे क्षेत्र में पेट्रोल के द्वारा कुछ पैरों के निशान देखे गये और इससे उस क्षेत्र में चीनियों की संभाव्य उपस्थिति का अनुमान लगाया गया । सेकंड लेफ्टिनेंट छेवांग रिचेन एक पेट्रोल लेकर शीघ्र सूचना की जांच करने के लिये उस दिशा की ओर चल पड़े । उस स्थान पर पहुंच कर उन्होंने पद चिह्न देखे और उनका अनुसरण करते हुये, कठिन मार्गों से चतुराई से अपने पेट्रोल का नेतृत्व करते हुये, चीनियों की चौकियों का पता लगा सके । सेकंड लेफ्टिनेंट रिचेन केवल 600 गज की दूरी से उस चौकी को देख कर चीनियों के साज सामान, संख्या तथा अन्य बातों के बारे में बहुत उपयोगी सूचना लाये इस सूचना से कराकोरम दर्रे तथा देप सांग के मैदान में हम अपनी चौकियां स्थापित करने में बहुत बड़ी सहायता मिली ।

सेकंड लेफ्टिनेंट रिचेन ने इस कार्य में प्रशंसनीय साहस और कर्त्तव्य-परायणता दिखलाई ।

15. सेकंड लेफ्टिनेंट प्रवीन कुमार जिंदल (आई० सी०-12475)—कुमायूं रेजिमेंट

10 जून 1961 को पता लगा कि सशस्त्र नागा उपद्रवियों की एक मीटिंग मनीपुर राज्य के एक गांव में होने वाली है । सेकंड लेफ्टिनेंट जिंदल के नेतृत्व में 2 जूनियर कमीशंड अफसरों और 40 जवानों का एक दल इस गांव पर छापा मारने तथा उपद्रवियों को पकड़ने के लिये तैनात किया गया । जवानों को देखते ही उपद्रवी गांव से भागने लगे, किन्तु सेकंड लेफ्टीनेंट जिंदल ने ठीक ठीक स्थिति को समझते हुये उन पर फायर करने का आदेश दिया । इस कार्यवाही में विद्रोहियों का एक कुख्यात नेता मारा गया । 9 जुलाई 1961 को सेकंड लेफ्टिनेंट जिंदल ने 15 जवानों के एक पेट्रोल का बर्फ से ढके हुये और घने जंगलों से युक्त क्षेत्र में नेतृत्व किया । इस काम में उन्हें बढ़े हुये कई नदी नालों को पार करना पड़ा, इसलिये कि उन्हें सूचना मिली थी कि मनीपुर बर्मा सीमा पर सीमा के खम्भे हटा दिये गये हैं, अतः उन्हें इस सूचना की छानबीन करनी थी । उन्होंने 22 जुलाई 1961 को यह काम पूरा कर लिया ।

फरवरी, 1962 में मनीपुर राज्य में होने वाले चुनावों के समय सूचना मिली कि एक चुनाव कराने वाली पार्टी की घात में सशस्त्र नागा विद्रोही छिप कर बैठे हैं । चुनाव कराने वाली पोलिंग पार्टी इम्फाल वापस भाग गई और वे बैलट बक्स वहीं पीछे छोड़ गये जहां नागा उनकी घात में बैठे थे । पोलिंग पार्टी के साथ जाने वाले रक्षक किसी सुरक्षित स्थान को चले गये । 25 जवानों की एक टुकड़ी के साथ सैकंड लेफ्टिनेंट जिंदल को रक्षक पार्टी का पता लगाने तथा बैलट बक्सों को वापस लाने का काम सौंपा गया । ढालुआं पहाड़ी पर चढ़ते हुये वे निर्दिष्ट स्थान की ओर बड़ी ही तेजी से बढ़े । उन्होंने रक्षक पार्टी का पता लगाया और बैलट बक्स वापस लाये और पोलिंग स्टेशन स्थापित करने में सहायता पहुंचाई । बाद में उपद्रवियों ने बहुत बड़ी संख्या में पोलिंग स्टेशन पर तीन ओर से स्वचालित हथियारों से फायर करना आरम्भ कर दिया जिससे कि चुनाव में बाधा उत्पन्न हो । सेकंड लेफ्टिनेंट जिंदल को एक जूनियर कमीशन्ड अफसर और 20 अन्य श्रेणियों के जवानों के साथ पोलिंग स्टेशन की रक्षा करने वाले जवानों की सहायता के लिये फौरन दौड़ाया गया । कुमक आती देख कर उपद्रवियों ने फायर करना बन्द कर दिया और उसके बाद एकाध फायर के अतिरिक्त चुनाव बिना किसी घटना के सम्पन्न हुआ ।

चुनाव समाप्त हो जाने के बाद पोलिंग पार्टी बैलट बक्सों सहित भली भांति सुरक्षित वापस लौटी । सैकंड लेफ्टिनेंट जिन्दल अपने जवानों के साथ बिल्कुल पीछे पीछे चलते हुये इस पार्टी की सुरक्षा कर रहे थे । वापस आते समय जंगल में एक ऊंचे स्थान से बिल्कुल नजदीक से उपद्रवियों ने पिछले गार्ड पर फायर किया । गोलियों की घनघोर बौछार में सैकंड लेफ्टिनेंट जिन्दल बहुत साहस और निश्चयात्मकता के साथ उपद्रवियों के स्थान की ओर लपका और उन पर धावा बोल दिया । इसके परिणामस्वरूप एक उपद्रवी मारा गया और बाकी भाग निकले ।

इन सारे कार्यों में सेकन्ड लेफ्टिनेंट जिन्दल ने प्रशंसनीय साहस और कर्त्तव्य-परायणता दिखलाई ।

16. 9100419 सूबेदार सोनम स्टाबडन—जम्मू तथा कश्मीर मिलिशिया

अप्रैल 1962 में सूबेदार सोनम स्टाबडन मेजर एस० एस० रंधावा के नीचे के पेट्रोल के साथ तैनात किये गये थे । मार्च 1962 में वे हैलीकाप्टर द्वारा दौलत बेग ओल्दी को ले जाये गये थे और फिर वहां से वे नई चौकी पर भेजे गये थे । इस चौकी के कमाण्डर की हैसियत में उन्होंने आगे टोह की और एक नई चौकी स्थापित करने में सफलता प्राप्त की । इस चौकी को स्थापित करने के कारण उस क्षेत्र में चीनियों द्वारा हमारी भूमि पर कब्जा करना रुक गया ।

लगभग 50 मील चलने के बाद वे पेट्रोल पार्टी में जाकर मिले। इसके बाद अनजाने क्षेत्र में इस पेट्रोल ने अपनी यात्रा का सबसे अधिक कठिन भाग आरम्भ किया, जिससे आगे यह कहा गया था कि चीनियों ने हमारी भूमि पर कब्जा कर रखा था। इस यात्रा में सूबेदार स्टोबडन ने स्वयं उस समय बोझा ढोया जबकि कोई दस मील तक खच्चर आगे नहीं जा सकते थे। उन्होंने जवानों को हिम्मत दिलाई और उन्हें प्रोत्साहित किया। सूबेदार स्टोबडन, परिश्रमी लद्दाखी अफसर, के साहस और निश्चयात्मकता के कारण ही इस पेट्रोल को अकसाईचिन क्षेत्र में सुमदो स्थान पर चीनियों की चौकी के ठीक सामने अपनी चौकी स्थापित करने में सहायता मिली।

17. 9075041 सूबेदार मोहम्मद अब्दुल्ला राथेर—जम्मू तथा काश्मीर मिलीशिया

जम्मू तथा काश्मीर मिलीशिया के सूबेदार एम० ए० राथेर को एक प्लाटून कम अपनी उस कम्पनी की कमान का काम सौंपा गया जिसे लेह से चल कर दौलतबेग औल्दी पहुंच कर वहां एक नयी चौकी स्थापित करनी थी। वे 30 मार्च 1961 को चल पड़े और सर्दी के मौसम में श्योग नदी को कई बार पार करने के बाद सुल्तान छुस्कू नामक स्थान पर आगे चलने वाली पार्टी को उन्होंने पकड़ लिया। सुल्तान छुस्कू से दौलतबेग औल्दी का रास्ता 8 दिनों का था और इस रास्ते में 17,000 फुट से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित बर्फ से ढके हुये दर्रों में चलना पड़ता था।

रास्ते में उन्हें कई कठिनाइयों का मुकाबला करना पड़ा। कुछ खच्चर थक गये और उन्हें पीछे छोड़ना पड़ा, कुछ खच्चर मर गये अतः उनका बोझा जवानों को ढोना पड़ा। यद्यपि पहिली स्टेज के बाद उन्हें वापस लौटने की छूट मिली थी तथापि सूबेदार राथेर ने आगे बढ़ना पसन्द किया। उन्होंने अपने जवानों का नैतिक स्तर बनाये रखा और बहुत बड़ी निश्चयात्मकता से 30 अप्रैल 1961 को वे अपनी टुकड़ी लेकर निश्चित स्थान पर पहुंचने में सफल हो गये और उन्होंने कराकोरम दर्रे पर एक अग्रवर्ती चौकी की स्थापना की।

सूबेदार राथेर ने, इस निर्दिष्ट कार्य में अति साधारण कर्त्तव्य-परायणता, साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

18. 1029115 ए० एल० डी० प्रीतम सिंह—20 लांसर्स

18 नवम्बर 1962 को चीनी सेनाओं ने चुशूल क्षेत्र की हमारी अग्रवर्ती रक्षा-पंक्ति पर आक्रमण किया। इस समय ए० एल० डी० प्रीतम सिंह के चार्ज में जो टैंक था वह मरम्मत में था। ट्रूप कमांडर बाकी टैंकों को लेकर शत्रु के आक्रमण के विरुद्ध पैदल सेना की सहायता के लिये चल पड़ा था।

ए० एल० डी० प्रीतम सिंह लड़ाई में भाग लेने के लिये इतने उत्सुक थे कि उन्होंने अपने टैंक की स्वयं मरम्मत की, और स्वयं अपनी पहल शक्ति के बल पर जाकर शत्रु के विरुद्ध युद्ध में, अपने जवानों में जा मिले। इस कार्य में ए० एल० डी० प्रीतम सिंह ने साहस, कर्त्तव्य-परायणता और साधन-सम्पन्नता दिखलाई और शत्रु को जबर्दस्त नुकसान पहुंचाने में उन्होंने अपने साथी जवानों की सहायता की।

19. जे० सी०—9017 जमादार अम्बहादुर गुरंग—8 गोरखा राइफल्स

13 जनवरी 1962 को नागालैंड में जवानों के एक कालम को खूजा केनोमा और खेरोमा गांवों के बीच में जंगलों और नालों में छिपे हुए उपद्रवियों के स्थानों का पता लगाने और नष्ट करने का काम सौंपा गया। जमादार अम्बहादुर गुरंग उस प्लाटन की जो रोक थाम करने वाली थी, कमान कर रहे थे जो नाले पर मिलने वाले रास्ते पर तैनात किया गया था।

जमादार अम्बहादुर गुरंग ने उस स्थान का भली भांति पता लगाकर अपने प्लाटून को इस तरह खड़ा किया जिससे कि घने जंगल और बहुतेरे नालों के बावजूद कोई उपद्रवी भाग नहीं सकता था। जब उन्होंने देखा कि तीन सशस्त्र विद्रोही उनकी ओर आ रहे थे जिनका एक सर्चिंग पार्टी पीछा कर रही थी तो जमादार अम्बहादुर गुरंग ने स्वयं प्लाटून की लाइट मशीन-गन को चला कर, तीनों उपद्रवियों को मारा और उनके शस्त्रों को ले लिया।

इस कार्य में जमादार अम्बहादुर गुरंग ने नेतृत्व, उच्च स्तर की निपुण योजना शक्ति और अपनी हलकी मशीन-गन से ठीक निशाना लगाने की योग्यता का प्रदर्शन किया।

20. जे० सी०—8686 जमादार जोगिन्दर सिंह—गाइड्स ब्रिगेड

जमादार जोगिन्दर सिंह उस पेट्रोल के द्वितीय कमान अफसर थे जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट चड्डा ने पबराम गांव से अजुराम गांव तक उपद्रवियों के एक नेता को पकड़ने के लिये किया। पेट्रोल को यह बात भली भांति मालूम थी कि उसके आस-पास 15 सशस्त्र उपद्रवी थे। 13 सितम्बर 1961 को 0300 बजे पेट्रोल अजुराम पहुंचा। जमादार जोगिन्दर सिंह गांव के बाहर जाने वाले रास्तों पर अपने जवान खड़े करके लेफ्टिनेंट चड्डा के साथ उपद्रवी नेता के घर पर आक्रमण करने गये। वह, लेफ्टिनेंट चड्डा और अन्य दो जवान घर में घुसे। उपद्रवी नेता ने पिछले दरवाजे से भागने का प्रयत्न किया किन्तु वह लेफ्टिनेंट चड्डा से न रोका गया। जमादार जोगिन्दर सिंह अपने कमांडर की सहायता के लिये आगे बढ़ा और ये दोनों मिलकर उस उपद्रवी को, जो पिस्तौल से लेस तथा उद्दंडता से भागने की चेष्टा में था, पकड़ने में सफल हुए। अपने सामयिक कार्य के द्वारा, जमादार जोगिन्दर सिंह ने न केवल लेफ्टिनेंट चड्डा की प्राण रक्षा की अपितु उपद्रवी नेता को पकड़ने में भी सहायता की।

21. 9125628 जमादार बौध राज—जम्मू और कश्मीर मिलीशिया

जमादार बौध राज ने जनवरी 1962 में गलवान नदी के साथ एक प्रसिद्ध टोह का नेतृत्व किया। नदी का पानी जम कर ग्लेशियर बन चुका था और उस रास्ते पर चलना न केवल कठिन था बल्कि बहुत ही भयानक था। तापमान माइनस 30 अंश सेन्टीग्रेड या उससे कम था। पेट्रोल को अपनी सारी लक्ष्य सिद्धि के लिये, जिस रास्ते से जाना था वह लगभग 17,000 फुट की ऊंचाई पर था। विपरीत परिस्थितियों के होते हुए भी जमादार बौध राज ने अपने पेट्रोल का नेतृत्व किया और अपने काम में सफलता प्राप्त की। वे अपने साथ रास्ते तथा स्थान के सम्बन्ध में कई आवश्यक तथा महत्वपूर्ण सूचनाएं लाये, जिससे कि इस क्षेत्र के बारे में विस्तृत योजना बनाने में सहायता मिली।

जमादार बौध राज ने विपरीत परिस्थितियों में भी, अपने पेट्रोल का नैतिक स्तर उच्च रखते हुए उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

22. 9075037 जमादार मोहम्मद हुस्सेन—14 जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

दौलतबेग औल्दी क्षेत्र के सम्बन्ध में जमादार मोहम्मद हुस्सेन की कुछ जानकारी होने के कारण उन्हें जुलाई 1961 में दौलतबेग औल्दी की चौकी में प्लाटून कमांडर के रूप में नियुक्त किया गया, उन्होंने बड़ी वीरता से इस क्षेत्र में जोखिमों का सामना किया और स्वयं उदाहरणस्वरूप बन कर अपने जवानों की नैतिकता को बनाये रखा।

2 दिसम्बर 1961 को जमादार मोहम्मद हुस्सेन अपने साथ 4 जवानों को लेकर लगभग १७,००० फुट की ऊंचाई पर एक क्षेत्र की टोह लगाने के लिये गश्त करने गये जहां पर जगह और मौसम बहुत ही प्रतिकूल थे । इन भारी विषमताओं में उन्होंने अपना कार्य पूरा किया और वहां से प्रयोजनकारी सूचनायें लेकर वापिस आये ।

जमादार मोहम्मद हुस्सेन ने इस बहुत कठिन और जोखिम वाले क्षेत्र में बहुत से गश्ती दलों और टोह लगाने वाले दलों में एक क्रियाशील सदस्य के रूप में काम किया । चीनी अतिक्रमणकारियों की स्थिति के सम्बन्ध में प्रयोजनकारी सूचनायें लाये । इस क्षेत्र के रास्तों और स्थितियों के सम्बन्ध में जो जानकारी उन्होंने प्राप्त की वह हमारी चौकियों की विवरणात्मक योजना बनाने और उनको स्थापित करने में बहुत सहायक हुई ।

23. जे० सी० 12032 जमादार बाली राम—पंजाब रेजिमेंट

10 जून 1962 को पंजाब रेजिमेंट की एक कम्पनी को यह काम दिया गया कि नागालैंड में पुलोबेज में विद्रोहियों के गुप्त स्थान पर छापा मारे । जमादार बालीराम इस कार्य में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । घनी जंगली तंग घाटी से गुजरते हुए उन्हें सशस्त्र विद्रोहियों द्वारा अधिकृत दो बाशों में से एक का पता लगा था । घनी झाड़ियों में से रेंगते हुए वे विद्रोहियों के गुप्त स्थान से 50 गज की दूरी तक पहुंचे । अपनी एक हल्की मशीन गन लेकर अपने जवानों को साथ लिये, उन्होंने स्थिति पर हमला बोल दिया और तुरन्त अपनी स्टेनगन चला दी । विद्रोहियों ने अपने छोटे मोटे हथियारों से फायर करना आरम्भ किया लेकिन वह सब हल्की मशीनगनों की गोला बारी से आच्छादित हो गया । उनके व्यक्तिगत उदाहरण से प्रेरित होकर उनके जवानों ने और अधिक बल तथा दृढ़ संकल्प के साथ विद्रोहियों के ऊपर हमला किया । जमादार बाली राम ने बाशा में अपना हमला जारी रखा और युद्ध के नारे लगाये जिनका अनुसरण उनके जवानों ने किया । इससे विद्रोही जिनकी संख्या लगभग 20 थी हतोत्साहित हुए । इनमें से 3 मारे गये और पांच या छः घायल हुए । बाकी सब अपने हथियार और गोलाबारूद को पीछे छोड़ कर जंगलों में भाग गये ।

जमादार बाली राम द्वारा प्रदर्शित साहस और नेतृत्व के कारण इस संक्रिया में सफलता मिली ।

24. 4132526 कम्पनी हवलदार मेजर हरफूल सिंह—कुमायूं रेजिमेंट (लापता)

25. 4139768 हवलदार फूई सिंह—कुमायूं रेजिमेंट

26. 4131926 हवलदार जयनारायण—कुमायूं रेजिमेंट

18 नवम्बर, 1962 को तोपों और मार्टरों से काफी देर तक बम वर्षा होने के बाद चीनी सेनाओं ने रेज़ानगला नामक स्थान पर हमारी कम्पनी की एक चौकी पर भारी संख्या में और बहुतेरी लहरों में आक्रमण किया । आक्रमण की प्रथम कुछ लहरों को वापिस खदेड़ दिया गया और शत्रु की सेना को भारी संख्या में हताहत किया गया । रक्षा करने वाली कम्पनी के भी बहुत से सैनिक हताहत हुये और इससे परिसीमा के कुछ भाग असुरक्षित बना दिये गये । अब यह एक खतरनाक स्थिति बन गई थी क्योंकि बिना नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर शत्रु के बाद में होने वाले आक्रमण की लहरों को रोकने वाली कोई व्यवस्था न थी । कम्पनी हवलदार मेजर हरफूल सिंह, हवलदार फूई सिंह और हवलदार जय नारायण ने रिक्त स्थानों की पूर्ति करने और पुनर्गठन करने में बड़ा साहस और पहल दिखाई । शत्रु की फायर के सामने और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुये उनके किये कार्यों ने कम्पनी चौकी को कुछ समय तक शत्रु के आक्रमण का मुकाबला करने में समर्थ बनाया तथा इस चौकी से कुछ आदमी वापस भी आ सके ।

27. 2842274 नायक सुगान सिंह—राजपूताना राइफल्स (सौराष्ट्र)

30 जून 1962 को राजपूताना राइफल्स बटालियन कालम की एक कम्पनी ने मनीपुर राज्य में एक नागा बद्रोही नेता के कैम्प पर हमला किया । यह कैम्प एक घने जंगल में और ऊंचे ढालू पहाड़ी पर स्थित था । यह बड़ी सतर्क स्थिति पर बनाया गया था और अच्छी तरह गुप्त था । चट्टान की एक पहाड़ी ढलान के साथ लगा हुआ एक तंग जंगली रास्ते से होकर इस कैम्प तक पहुंचने का अकेला रास्ता था ।

नायक सुगान सिंह के अधीन अग्रवर्ती सेक्शन जब विद्रोहियों के कैम्प तक पहुंचा तो बहुत ही गुप्त स्थानों से इन पर विद्रोहियों ने भारी गोलाबारी की । बड़े साहस और दृढ़ संकल्प के साथ नायक सुगान सिंह पहाड़ी पर चढ़े और विद्रोहियों पर फायर किया । उन्होंने स्टेनगन के फायर से दो विद्रोहियों को मार डाला और उनके हथियार और गोला बारूद अपने कब्जे में कर लिये । दूसरे विद्रोही जंगलों में भाग खड़े हुये ।

इस संक्रिया में नायक सुगान सिंह ने उच्च स्तर का साहस और नेतृत्व दिखाया ।

28. 2435350 नायक भाग सिंह—पंजाब रेजिमेंट

11 दिसम्बर 1961 को जब एक कम्पनी कालम नागालैंड में कठिन और चट्टानों वाले क्षेत्र की खोज में आगे बढ़ रहा था तो नायक भाग सिंह का अग्रवर्ती सेक्शन अचानक ही विद्रोहियों की घात में फंस गया और ढालू पहाड़ी में अपने स्थान से विद्रोहियों ने उन पर छोटे मोटे हथियारों से भारी फायर की । यद्यपि इस सेक्शन को आगे बढ़ने से रोक दिया गया था, और नायक भाग सिंह स्वयं गोलियों की बौछार के सम्मुख थे फिर भी अपनी सुरक्षा की जरा भी चिन्ता न करते हुये उन्होंने अपने स्टेनगन से वापसी फायर किया और वे अपने स्काउटों को सुरक्षित करने में सफल हुये । उन्होंने शान्ति और साहस के साथ अपने सेक्शन को आदेश दिया कि वे उनके साथ रेंगते हुये अपनी अपनी जगह लें । आगे चलने वाले अपने अन्य दो स्काउटों के साथ उन्होंने विद्रोहियों पर आक्रमण किया । इससे विद्रोही आश्चर्य में पड़ गये और अपनी हल्की मशीनगन से रक्षात्मक फायर करके वे वापिस हो लिये । इस कार्य से नायक भाग सिंह न केवल विद्रोहियों की घात लगाने की व्यवस्था को ही समाप्त कर पाये बल्कि उन्होंने अपनी प्लाटून के आगे चलने वाले जवानों को भी बचाया । इस संक्रिया में नायक भाग सिंह ने बहुत उच्च स्तर का साहस और पहल दिखाई ।

29. 1116801 नायक प्रीतम सिंह—(तोपखाना) (लापता)

30. 1152702 लांस नायक सरवन सिंह—(तोपखाना) (लापता)

18 नवम्बर 1962 को चीनी सेनाओं ने गुरंग नामक पहाड़ी पर एक भारी संख्या में आक्रमण किया । नायक प्रीतम सिंह और लांस नायक सरवन सिंह हमारी उस तोपखाना पर्यवेक्षण चौकी में काम कर रहे थे जहां से हमारी तोपों से रक्षात्मक फायर का संचालन और नियंत्रण किया जा रहा था । हमारा चौकी पर्यवेक्षण अफसर घायल हो गया और अन्य बहुत से कार्मिक या तो इस संक्रिया में मार डाले गये या घायल हो गये । इन दुर्घटनाओं से निर्भीक होकर नायक प्रीतम सिंह और लांस नायक सरवन सिंह शत्रु की भारी फायर के होते हुये भी बड़े साहस के साथ अपना कार्य करते रहे । इससे पर्यवेक्षण चौकी हमारे अपने तोपखाने से हमलावर शत्रु के ऊपर प्रभावी फायर करने में समर्थ हुई ।

इस संक्रिया में नायक प्रीतम सिंह और लांस नायक सरवन सिंह ने उच्च स्तर की कर्त्तव्य-परायणता और साहस का परिचय दिया ।

31. 5737012 लांस नायक नरबहादुर थापा—8 गोरखा राइफल्स

अप्रैल 1961 में 8 गोरखा राइफल्स की एक प्लाटून को लद्दाख में जम्मू और कश्मीर मिलिट्री बटालियन से सगत्सलू नामक चौकी लेने के लिये फोवरंग नामक स्थान से चलने के लिये कहा गया । लांस नायक नरबहादुर थापा प्लाटून का एक सदस्य था । 13 अप्रैल, 1961 को जब यह प्लाटून 18,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक दर्रे के पास पहुंचा तो वह बर्फानी तूफान में फंस गया बर्फ टखनों तक था और सामने साफ दिखाई भी नहीं देता था । दर्रे में से गुजरने के लिये उन्होंने दो याकों को आगे भेजा और फिर उनके पीछे पीछे प्लाटून के जवान एक एक की लाइन बना कर चल पड़े । उस दर्रे को पार कर प्लाटून कमांडर ने सभी जवानों के हथियारों और गोला बारूद तथा उपस्कर का निरीक्षण किया । उन्होंने जब एक जवान को लापता पाया तो ऐसे स्वयं सेवक के लिये इच्छा प्रकट की जो वापिस घाटी में जाकर उस लापता जवान को ले आये । लांस नायक नरबहादुर थापा यद्यपि बुरी तरह से थके हुये थे फिर भी उन्होंने अपने जीवन को जोखिम में डाल कर स्वयं इस कार्य को अपने हाथ में लिया । एक लद्दाखी भारिक को साथ में लेकर वह दर्रे में वापिस गये और उसी रात उस लापता जवान को लेकर वापस आये । इस प्रकार उन्होंने अपने एक साथी के जीवन को बचाया और उच्च स्तर की कर्त्तव्य-परायणता और साहस का परिचय दिया ।

32. 6261901 लांस नायक गुलबदन सिंह—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया बटालियन सिगनल सेक्शन के वायरलेस आप्रेटर लांस नायक गुलबदन सिंह को 25मार्च, 1962 को लद्दाख में थोइसे नामक स्थान से एक गश्त लगाने वाले दल के साथ लगाया गया । यह एक बहुत ही कठिन कार्य था क्योंकि इसमें 200 मील से अधिक पहाड़ी रास्ते, अधिकतर श्योक नदी के किनारे किनारे, 20,000 फुट की ऊंचाई पर कुछ बर्फ से ढके हुये और चट्टानी इलाकों को पार करते हुये, यह सफर करना था । इस दल को एक सबसे ऊंचे दर्रे से गुजरना पड़ा । जहां उन्हें बहुत ही शीत मौसम में रहना पड़ा । लांस नायक गुलबदन सिंह ने इन सब कठिनाइयों का केवल प्रसन्नतापूर्वक सामना ही नहीं किया अपितु सारे सफर में वायरलेस व्यवस्था को बहुत सुन्दर और सुचारू रूप से बनाये रखा । यद्यपि कुछ समय वे बहुत थक गये थे फिर भी वे अपने उपस्कर की हर बार देख रेख करते रहे । जब टट्टू कोई बोझ न ले जा सके तो वे उपस्कर को 10 मील तक अपनी पीठ पर उठा कर चलते रहे ।

लांस नायक गुलबदन सिंह की कर्त्तव्य-परायणता और दृढ़ संकल्प द्वारा ही यह महत्वपूर्ण गश्तीदल अति आवश्यक सिगनल व्यवस्था को ठीक बनाये रखने में सफल रहा ।

33. 9135932 लांस नायक नीमा दिलदान—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

34. 9135921 लांस नायक कुंगा नामगियाल—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

35. 9135778 सिपाही नामगियाल तुन्दुप—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

36. 9135950 सिपाही अब्दुल रहमान—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

अगस्त 1960 में लांस नायक दिलदान, लांस नायक नाम गियाल, सिपाही तुन्दुप और सिपाही अब्दुल रहमान उस टुकड़ी के सदस्य थे जो 14,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सुलतान छुशकू नामक स्थान को जा रही थी । अपने उपस्कर के अतिरिक्त उन्होंने 17,000 फुट से अधिक की ऊंचाई के हिमानी दर्रे के ऊपर थके हुये टट्टुओं का भार भी उठाया । एक नदी को पार करते हुये वे नदी में बहे जा रहे टट्टुओं को बचाने के लिये ठंडे पानी की तेज धारा में प्रविष्ट हुये । उसी सायं उन्होंने नदी में बहे हुये उस सामान को ढूंढने में सारी रात लगा दी जिसमें ब्रैन मैगजीन और वायरलैस सेट आदि सहायक चीजें रखी हुई थीं । सुबह होते ही उन्हें वह सामान मिल गया । अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंचने पर उन्हें उन चार जवानों की सहायता के लिये 6 मील वापस आना पड़ा जो थक जाने से पीछे रह गये थे । टुकड़ी के कमांडर ने अपने उद्देश्य की सफलता का श्रेय लांस नायक नीमा दिलदान, लांस नायक कुंगा नामगियाल, सिपाही नामगियाल तुन्दुप और सिपाही अब्दुल रहमान की निष्ठापूर्ण और स्वार्थ रहित सेवा को दिया ।

37. 9135815 लांस नायक चेवांग दोर्जे—जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया ।

मार्च 1962 को 14 जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया (लद्दाखी) के लांस नायक चेवांग दोर्जे को अकसाइचीन में स्थित मुमदे नामक स्थान के लिये जाने वाले एक गश्तीदल के साथ लगाया गया । 200 मील से अधिक का सफर था । रास्ता लगभग 160 मील श्योक नदी के किनारे किनारे है और शेष 40 मील लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई वाले बर्फीले और ऊबड़ खाबड़ इलाके में है । इस सफर के दौरान लांस नायक चेवांग दोर्जे ने आत्मविश्वास और साहस के साथ बहुत सी कठिनाइयों का सामना करके और बहुत बार तो अपने जीवन को जोखम में डाल कर भी अपने अफसरों की हर प्रकार से सहायता करने से एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया ।

38. 2930558 अनपेड लांस नायक गाहरी सिंह—3 राजपूत रेजिमेन्ट

26 अक्तूबर 1961 को चीनामार्ग गली और उससे आगे पीर पंजाल पर्वत श्रेणी के ऊंचे पर्वतों तक के रास्ते की टोह लगाने के लिये एक गश्तीदल को जम्मू और कश्मीर म जौरा ढोक नामक स्थान से भेजा गया । लगभग 4 मील की दूरी तय करने के बाद एकाएक इस गश्ती दल पर बहुत पास से 6 या 7 सशस्त्र विद्रोहियों ने फायर कर दिया । यह देखते हुए कि गश्ती दल अब खतरे में है अग्रिम स्काउट अनपेड लांस नायक गाहरी सिंह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी चिन्ता न कर 50 गज तक गोलियों की बौछार में रेंगते हुए आगे बढ़े और एक बोल्डर के पीछे स्थिति ले ली । लेकिन उनकी स्थिति ढूंढ निकाली गई और उन पर तीनों तरफ से भारी फायर किया गया । लांस नायक गाहरी सिंह एक बोल्डर से दूसरे बोल्डर के पीछे होते गये और बाद म भूमि का कौशलपूर्ण उपयोग कर उन्होंने सारे विद्रोहीदल को लगभग 30 मिनट तक फायर करने म लगाये रखा । विद्रोही गश्तीदल को घेरे में ले लेने का प्रयत्न कर रहे थे । लेकिन जब लांस नायक गाहरी सिंह ने उनके नेता को गोली से मार डाला तो वे सब के सब इधर-उधर भाग खड़े हुए । लांस नायक गाहरी सिंह ने उनका पीछा किया और एक और विद्रोही को घायल किया । उस क्षेत्र से तलाशी करने के फलस्वरूप कुछ हथियार और गोलाबारूद हाथ लगे ।

अनपेड लांस नायक गाहरी सिंह ने अपने साहस के कारण तथा पहल करने और ठीक स्थान पर फायर करने से विद्रोहियों को पीछे खदेड़ा और गश्तीदल को बचाया ।

39. 2435528 लांस नायक बलवंत सिंह—पंजाब रेजिमेंट

40. 2442899 सिपाही अमर सिंह—पंजाब रेजिमेंट

12 जलाई 1962 को लांस नायक बलवंत सिंह और सिपाही अमर सिंह को तावांग के पास एक जंगल से बांस इकट्ठा करने के लिये भेजा गया। उन्होंने अपनी तरफ आते हुए एक वायुयान को देखा यह वायुयान उनसे लगभग 300 गज की दूरी पर एक पहाड़ी से टकरा कर गिर पड़ा था। वे एकदम घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि टूटे हुए वायुयान पर आग लगी हुई थी और वायुयान के कार्मिक उसके अन्दर फंसे पड़े थे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी चिन्ता न करते हुए वे वायुयान के पास पहुंचे और आग की उठी हुई और चारों ओर फैली हुई लपटों में से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को बाहर निकालने लगे। इतने में पैट्रोल का टैंक फट गया और उसम आग लग गई। फिर भी यह खतरा इन दोनों व्यक्तियों के द्वारा बचाव कार्य को जारी रखने में कोई रुकावट न डाल सका। उन्होंने कुल 6 में से 4 को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। उन्होंने बचाव कार्य केवल तभी छोड़ा जब कि आग की लपटें असहनीय हो गई और वे बुरी तरह थक गए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी चिन्ता न करते हुए उनकी निस्पृह कर्तव्य-निष्ठा हमारी सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

41. 5435747 अनपेड लांस नायक भीम बहादुर घर्ती—5 गोरखा राइफल्स

कटंगाई सेना द्वारा एलिजावैयविल के बाहर ब्लाक की गई सड़क की टोह लगाने के लिये एक गश्ती दल के साथ लांस नायक भीम बहादुर घर्ती को 24 सितम्बर 1962 को भेजा गया। अपना काम पूरा करने के बाद जब गश्ती दल वापिस लौट रहा था तो वह एक ऐसे क्षेत्र में पहुंचा जहां बहुत सुरंगें बिछाई गई थीं और छल बल लगाये हुये थे। एक सुरंग फटी जिससे सैक्शन कमाण्डर और एक राइफलमैन मार डाले गये और गश्ती दल की कमान करने वाले जूनियर कमीशण्ड अफसर को गम्भीर चोट लगी और तीन अन्य जवान भी घायल हुए। यह विस्फोट कटंगी सैनिक स्थिति से कुछ ही सौ गज दूरी पर हुआ था जिसने गश्ती दल के मुट्ठी भर सैनिकों को हिला दिया। सिगनल आप्रेटर लांस नायक भीम बहादुर घर्ती ने स्थिति की कमान अपने हाथ में ली, वह जानते थे कि दो घंटे के अन्दर उन्हें कोई भी सहायता नहीं मिल सकती और सम्भवतः कटंगी सैनिक गश्ती दल को अपने घेरे में ले लें। लेकिन निर्भीकता से गश्तीदल की रक्षात्मक व्यवस्था के लिये उन्होंने पूरे जोर से यत्न किया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए उन्होंने इस इलाके की टोह लगाई। सुरक्षित स्थान पा जाने के बाद वे मृतकों को और घायलों को उठा कर वहां ले गये। घायल व्यक्तियों में से एक का पेट फट गया था। दूसरे घायल व्यक्तियों को एक अनुरक्षक के साथ वापिस अपने अड्डे पर भज कर लांस नायक भीम बहादुर घर्ती केवल तीन व्यक्तियों के साथ इस बुरी तरह से घायल हुये व्यक्ति की देख रेख कर रहे थे और अपने दो मृतक साथियों की लाशों की चौकसी भी कर रहे थे। इस खतरनाक इलाके में वे अपनी निराशाजनक अपर्याप्त संख्या शक्ति वाले सैन्य दल को शत्रुओं से छिपाने के लिये एक स्थान से दूसरे स्थान पर तब तक जाते रहे जब तक कि उनकी सहायता के लिये एक सैक्शन वहां न आ पहुंचा।

खतरनाक स्थिति म लांस नायक भीम बहादुर ने मृत्यु प्राप्त और घायल साथियों की जो देख-रेख का कार्य किया वह सशस्त्र सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

42. 2438005 लांस नायक अजायब सिंह—पंजाब रेजिमेन्ट

22 मई 1962 को लजीमी से लगभग 7 मील की दूरी पर नागा विद्रोहियों के गुप्त स्थान में पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन और गांव गार्ड का एक संयुक्त दल पहुंच रहा था। इस गुप्त स्थान में 16 बाशा थे जिनमें लगभग 100 व्यक्तियों के लिये आवास था। आगे बढ़ने की आखरी अवस्था में सैक्शन का कमान करने वाले लांस नायक अजायब सिंह गश्ती दल के आगे आगे चल रहे थे, गुप्त स्थान के लगभग 100 गज दूर होने पर विद्रोहियों के एक संतरी ने सैक्शन पर फायर किया। अपने स्काउटों को आवरक शलक करने की आज्ञा देकर लांस नायक अजायब सिंह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुये बड़ी तेजी से गुप्त स्थान की ओर चले और उन्होंने विद्रोहियों को बीच में ही रोक दिया। उनके सैक्शन में स्वयं वे और चार अन्य जवान थे। उन्होंने 15 की संख्या वाले विद्रोही दल पर हमला बोल दिया। इस मुठभेड़ में उन्होंने अपनी स्टेन-गन से दो विद्रोहियों को मार डाला।

लांस नायक अजायब सिंह ने इस घटना में उच्च स्तर का साहस और पहल करने की प्रतिभा दिखाई।

43. 6265267 सिगनल मैन गणेश राजन दास, सिगनल्स (मरणोपरांत)

1959 में सिगनल मैन गणेश राजन दास को जवानों के साथ लेह से डुंगती भेजा गया। भारी विषमताओं और खराब मौसम होने के बावजूद उन्होंने बटालियन हैडक्वार्टर और हैड-क्वार्टर विंग के बीच में लगातार संचार व्यवस्था को बनाये रखा।

दिसम्बर 1960 में छुट्टीसे वापिस आकर प्रसन्नचित सिगनल गणेश राजन दास चुशूल में अपने कठिन कार्य में लग गया। अत्यधिक विषम परिस्थितियों में कार्य करने के कारण दुर्भाग्य से उन्हें नमोनिया हो गया और कर्त्तव्यपालन करते हुए उन का देहावसान हो गया। सिगनल मैन दास ने उच्च स्तर का साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

44. 6273136 सिगनल मैन तेजवंत सिंह— सिगनल्स (मरणोपरान्त)

मार्च-मई 1961 में लेह से दौलत बेग ओल्दी तक 38 दिन की कठिन यात्रा पर जम्मू और कश्मीर मिलीशिया की कम्पनी के साथ जाने वाली सिगनल्स दल की एक टुकड़ी के साथ एक रेडियो सिगनल मैन तेजवंत सिंह को लगाया गया था। बहुत ही सर्द मौसम 17,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित तीन दर्रों से और एक नदी के साथ साथ, जिसे कि कई बार पार करना पड़ा, होते हुए यह यात्रा की गई। यात्रा के आखिरी पांच दिन दो से तीन फुट गहरे बर्फ में चलना पड़ा। सिगनल मैन तेजवंत सिंह टुकड़ी के साथ अकेला रेडियो मैकेनिक था। उन्होंने कभी भी बीमार होने या थक जाने की कोई शिकायत न करते हुए अपने कत्तव्य को निभाया, किन्तु 3 मई 1961 को वे कर्तव्य पालन करते हुए परिश्रांति से मृत्यु को प्राप्त हुए।

45. 4145551 सिपाही निहाल सिंह—कुमायूं रेजीमेंट

18 नवम्बर, 1962 को तोपों और मार्टरों से काफी बम वर्षा होने के बाद चीनी फौजों ने; रेजागंला नामक स्थान पर स्थित हमारी चौकी पर काफी संख्या में और एक लहर के बाद दूसरी लहर में आकर आक्रमण किया। आक्रमण की पहली कुछ लहरों को पीछे खदेड़ दिया गया लेकिन कम्पनी के बहुत से सैनिक इस में हताहत हुये। कम्पनी कमांडर मेजर शैतानसिंह सख्त घायल हुए। यह देखते हुए कि अब अपने कुछ मुट्ठी भर सैनिकों से स्थिति सम्भालना

मुश्किल था उन्होंने जवानों को चौकी से वापिस हो जाने के लिए आज्ञा दी। सिपाही निहाल सिंह और एक लांस नायक जब घायल कम्पनी कमांडर को उठा कर ले जा रहे थे, उन पर भारी मशीन-गन से फायर होना आरम्भ हो गया। उन्होंने साहस और उच्च स्तर की कर्तव्य-परायणता दिखलाई।

46. 5735265 राइफलमैन भक्त बहादुर थापा—8 गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

राइफलमैन भक्त बहादुर थापा मारटर टुकड़ी के नं. 1 चालक थे जो नागालैंड में मिली जुली सेना के संचालन में सहायता करते थे। 23 अगस्त, 1961 को जब आगे बढ़ने वाली टुकड़ी तथा उनके मारटर का स्थान उपद्रवियों के जबर्दस्त फायर में आ गया, वे साहस तथा अचूक निशाने के साथ अपने मारटर को चलाते रहे और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कोई परवाह न की। उनकी फायर सहायता ने हमारे जवानों को आगे बढ़ने और उपद्रवियों के गुप्त स्थानों को बर्बाद करने में सहायता पहुंचाई।

24 अगस्त को उपद्रवियों के एक गिरोह ने हमारी मारटर टुकड़ी पर जवानों में खलबली मचाने के लिये आक्रमण किया। राइफलमैन भक्त बहादुर थापा ने फिर अपने मारटर को ठीक निशाना लगा कर और प्रभाव के साथ चलाया। उन के साहस से उन की टुकड़ी के जवानों की हिम्मत बढ़ी। अन्त में उपद्रवियों की हलकी मशीनगन के फायर से एक जबर्दस्त गोली उन के सिर में लगी और वे इस कार्य-वाही में काम आये।

इस संक्रिया में राइफलमैन भक्त बहादुर थापा ने स्थिरता, साहस और अडिग कर्तव्य-परायणता दिखलाई जो हमारी सेना की सर्वोच्च परम्परा के अनुरूप ही है।

47. 5737144 राइफलमैन तुलबीर राना—8 गोरखा राइफल्स

अप्रैल, 1962 को राइफलमैन तुलबीर राना गोरखा राइफल्स बटालियन की एक कम्पनी के लीडिंग प्लाटून में थे जिसे बर्मा-नागालैण्ड की सीमा पर उपद्रवियों के मुख्यालय का पता लगाने और उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था। बहुत अंधेरे में तथा कठिन और खतरनाक इलाकों में से हो कर जहां कि गहरे खड्ड और नाले थे, लगातार 9 घण्टे चलने के बाद राइफलमैन राना ने उपद्रवियों को एक छिपे हुए स्थान में बातें करते हुए सुना और वे उस स्थान के पास गये। प्लाटून ने उस स्थान पर आक्रमण कर दिया और उपद्र-वियों ने जवाबी गोलियां चलाईं। नजदीक की लड़ाई में राइफलमैन राना ने एक कुख्यात उपद्रवी पर धावा बोल दिया जो राइफल से लैस था और उन के ऊपर बहुत नजदीक से फायर कर रहा था। एक क्षण में वे उपद्रवी पर कूद पड़े और उस की भरी हुई राइफल छीन ली। इस संक्रिया में एक उपद्रवी मारा गया, दूसरा घायल हुआ और चार पकड़े गये। इसके अतिरिक्त काफी परिमाण में गोला-बारूद भी हाथ लगा।

राइफलमैन तुलबीर राना ने बहुत ही नजदीक की लड़ाई में हथियार से लैस उपद्रवी को पकड़ने में स्थिरता, साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया और इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित किया।

48. 1020973 राइफलमैन अंगद सिंह—राजपूताना रायफल्स

जुलाई 1962 में राजपूताना राइफल्स की एक कम्पनी ने कटंगा के एलिजाबैथविले में एक सड़क अवरोध स्थापित किया। राइफलमैन अंगद सिंह कम्पनी कमाण्डर के संदेश वाहक की हैसियत में थे। वे अपनी कम्पनी कमाण्डर के आदेश तथा संदेश निचले कमां-डरों तक पहुंचाते थे। कटंगी प्रदर्शनकारियों ने उनके काम को और कठिन बना दिया था, जो संयुक्त राष्ट्र की सम्पत्ति को लूट और जला रहे थे और संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्मिकों पर धावा बोल रहे थे संदेश पहुंचाने के अपने कर्तव्य का पालन करते समय, राइफल-मैन अंगद सिंह ने बहादुरी के साथ चार घंटों तक जैण्डरमरी के कार्मिकों द्वारा बरसाये गये पत्थरों, ईंटों, डंडों और एकाध बार गोली का सामना किया। उन्होंने जो स्थिरता और कर्तव्य-परायणता दिखलाई वे बहुत ही प्रशंसनीय थीं।

संख्या 21—प्रेज/63.— निम्नलिखित कर्मचारियों को उनकी असाधारण कर्तव्य-परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति "वायु सेना पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. विंग कमाण्डर पंच नंदो मुखर्जी (3135)—जनरल ड्यूटीज (वायुयान संचालक)

विंग कमाण्डर पंच नन्दो मुखर्जी जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में कार्यवाही के लिये दूसरी बार भेजे गये थे। हमारे संक्रिया स्क्वाड्रनों में वायुयान संचालक के कार्यों के अतिरिक्त उन्होंने संक्रिया स्कन्धों में उड़ान अफसर इन्चार्ज के रूप में भी कार्य किया था। कठिन और अज्ञात पर्वतीय क्षेत्रों की कठिनाइयों के होते हुए भी विंग कमाण्डर मुखर्जी ने सर्वदा संक्रिया उड़ानों के लिए स्वयं को प्रस्तुत किया और उक्त क्षेत्र में वह लगभग 800 घण्टों की संक्रिया उड़ान करते रहे। उड़ान अफसर इन्चार्ज के रूप में उन्होंने विभिन्न स्क्वाड्रनों के संक्रिया प्रयत्नों में योग्यता-पूर्वक तालमेल रखा और इस दिशा में पर्याप्त सफलता प्राप्त की। वर्तमान संकट काल में संक्रिया क्षेत्रों में जब भी टोह उड़ान के लिए आदेश दिया गया उन्होंने सर्वदा अपने को सर्व प्रथम प्रस्तुत किया।

विंग कमाण्डर मुखर्जी ने अत्यधिक कार्यभार के समय में भी सदा प्रसन्नता पूर्वक कार्य किया और वायुयान संचालक के रूप में एक उत्कृष्ट उदाहरण उपस्थित किया।

2. स्क्वाड्रन लीडर नारायण प्रसाद चौधरी (4296)—तकनीकी/सिगनल (वायु०)

स्क्वाड्रन लीडर नारायण प्रसाद चौधरी हमारे एक परिवहन स्क्वाड्रन के साथ जून 1960 से काम कर रहे हैं और उन्होंने 750 संक्रिया घण्टों की उड़ान पूरी की थी। उनके स्क्वाड्रन को जब कभी कोई कठिन काम सौंपा गया, अज्ञात पर्वतीय क्षेत्रों में उड़ने की कठिनाई के होते हुए भी उन्होंने सदा उस कार्य के लिये स्वयं प्रस्तुत किया। अपनी व्यवसायिक योग्यता के उच्च मान-दण्ड तथा जोश के कारण उन्होंने अपने स्क्वाड्रन में संचार-मान दण्ड को योग्यता के उच्च स्तर तक पहुंचाया। हमारी उत्तरी सीमा पर चीनियों के आक्रमण के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों में उन्होंने 10 टोह सम्बन्धी उड़ानें कीं तथा पहल शक्ति, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का प्रदर्शन करते हुए दौलतबेग ओल्दी, चुशूल तथा फुकचे क्षेत्रों में 15 बार अपने वायुयान को उतारा।

3. स्क्वाड्रन लीडर भरत सिंह (3582)—जनरल ड्यूटीज (पाइलट)

स्क्वाड्रन लीडर भरत सिंह जून 1959 से अप्रैल 1962 तक हमारे एक लड़ाकू स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। उन्हें एक लड़ाकू कलाबाज़ टीम बनाने का काम सौंपा गया था। उन्होंने मार्च 1960 में चार वायुयानों से अपना कार्य आरम्भ किया और एक महीने के अन्दर अपनी टीम का जनता में प्रदर्शन करने के लिये वह उसे बम्बई ले गये। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के फलस्वरूप उन्हें नौ वायुयानों की टीम को प्रशिक्षित करने का अधिकार दिया गया। स्क्वाड्रन की साधारण संक्रिया तथा प्रशिक्षण-कार्यों के अतिरिक्त उन्हें कलाबाज़ी की ट्रेनिंग करनी पड़ती थी। जनवरी 1962 में नौ वायुयानों की टीम ने जनता के सम्मुख एक सफल प्रदर्शन किया। इस टीम ने जो उच्च कोटि का मान-दण्ड उपस्थित किया वह स्क्वाड्रन लीडर भरत सिंह की व्यवसायिक कुशलता एवं प्रशिक्षण देने की योग्यता के कारण ही पूरा हो सका।

एक यूनिट कमाण्डर के रूप में स्क्वाड्रन लीडर भरत सिंह ने सर्वदा उच्च कोटि की व्यवसायिक कुशलता तथा कर्त्तव्य-परायणता का प्रदर्शन किया ।

4. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सतनाम सिंह सोढी (5181)—जनरल ड्यूटीज़ (पाइलट)

4 अक्तूबर 1962 को हमारा एक हैलीकाप्टर गलवान घाटी की बाहरी चौकी में संकटग्रस्त हो गया, पर कार्य करने वाले व्यक्तियों को बचाने के लिये यह आवश्यक हो गया कि एक मरम्मत करने वाली टोली के साथ एक सहायता करने वाला हैलीकाप्टर भेजा जाय । इस कठिन कार्य को पूर्ण करने के लिये तुरन्त ही कोई योग्य चालक प्राप्य न था । फ्लाइट लेफ्टि० सतनाम सिंह सोढी ने, जो लद्दाख क्षेत्र में संक्रिया के लिये प्रशिक्षित किये जा रहे थे, इस कठिन काम के लिये अपने को स्वयं प्रस्तुत किया, यद्यपि इस प्रकार के वायुयान चलाने का उनका अनुभव केवल 78 घंटों का ही था और वे सम्बन्धित क्षेत्र से अनभिज्ञ थे । यद्यपि यह कार्य संकट का था परन्तु फ्लाइट लेफ्टि० सोढी को इस कार्य पर जाने की आज्ञा मिल गई । लगभग 16.30 बजे धुंधले प्रकाश में उन्होंने गलवान घाटी पर अपना हैलीकाप्टर सफलतापूर्वक उतारा । ज्योंही मरम्मत करने वाली टोली नीचे उतरी उन्होंने फंसे हुए कर्मचारियों को एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया । इस कार्य को स्वेच्छा से करने के लिए, जिसके लिये वह पूर्णतः योग्य भी नहीं थे, स्वयं को प्रस्तुत कर फ्लाइट लेफ्टि० सतनाम सिंह सोढी ने असाधारण बोध के उत्तरदायित्व एवं उच्च स्तर की व्यवसाय कुशलता का प्रदर्शन किया ।

संख्या 22-प्रेज/63.—निम्नलिखित कर्मचारियों को उनकी अति-असाधारण सेवाओं के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति "विशिष्ट सेवा पदक" "प्रथम श्रेणी" का पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर-जनरल महिन्द्र सिंह पठानिया (आई० सी०-104)

2. एयर वाइस मार्शल कंवर जसवन्त सिंह (1587) जी० डी० (पी०) (मरणोत्तर)

3. मेजर-जनरल रविन्द सिंह गरेवाल (आई० सी०-127), एम० सी०

संख्या 23-प्रेज/63.—निम्नलिखित कर्मचारियों को उनकी असाधारण सेवाओं के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति "विशिष्ट सेवा पदक" "द्वितीय श्रेणी" का पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. एयर कमोडोर अनन्थ अनन्थ नारायणन् (1607) जी०डी० (पी०)

2. मेजर सर्दूल सिंह रंधावा (आई०सी०-2651) एम०वी०सी० राजपूत रेजिमेंट (जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया से संबद्ध)

3. कप्तान नरेन्द्र कुमार (आई० सी०-6729), कुमायूं रेजिमेंट

संख्या 24-प्रेज/63.—निम्नलिखित कर्मचारियों को उनकी उच्च कोटि की सेवाओं के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति "विशिष्ट सेवा पदक" "तृतीय श्रेणी" का पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टि० कर्नल तेजा सिंह (आई० सी०-706), कुमायूं रेजिमेंट

2 मेजर ज्वाय पीटर मैलविली स्मिथ (आई० सी०-4741), इंजीनियर्स कोर

3. मेजर पर्वतनैनीआ प्याराव चौधरी (आई० सी०-3869), राज० राइ०

4. कप्तान इन्दर पाल भल्ला (एम०आर०-1370), आर्मी मेडिकल कोर

5. कप्तान नारायणन् रामचन्द्रन (आई०सी०-7513), इंजीनियर्स कोर

6. ०257952 नायक चनकार सिंह, सिगनल

सुविमल दत्त,
सचिव

PLANNING COMMISSION

RESOLUTION

New Delhi, the 4th February, 1963

(Advisory Committee on Irrigation, Flood Control and Power Projects).

No. NR-4(5)/63.—The term of Advisory Committee on Irrigation, Flood Control, and Power Projects, reconstituted under Planning Commission Resolution No. NR-4(5)/59, dated 24th April, 1959, and extended by Planning Commission Resolution No. NR-4(5)/61, dated 10th March, 1961 upto 31st March, 1963 is hereby extended by another two years from 1st April, 1963 to 31st March, 1965.

ORDER

Ordered that a copy of this Resolution be communicated to all State Governments, all Ministries of the Government of India, Department of Parliamentary Affairs, Secretary to the President, and the Prime Minister's Secretariat.

Ordered also that a copy of the Resolution be published in the Gazette of India.

A. N. JHA, Addl. Secy.

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 8th February 1963

No. F.25(1)-NS/63.—In pursuance of paragraph 4 of the Notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Economic Affairs) No. F.4(1)-W&M/60, dated the 1st March, 1960, as subsequently amended, it is hereby notified for general information that the following Series of the Five Year Interest Free Prize Bonds, 1965, will be included in the eleventh quarterly draw for prizes to be held on the 1st March, 1963.

(*a*) Bonds of Rs. 100/- denomination . Series A, B, C, D, E, F, G, H, J, K, L, M, N, Q, R, S, T, U, V, and W.

(*b*) Bonds of Rs. 5/- denomination . Series] AA, AB, AC, AD, AE, AF, AG, AH, AJ, AK, AL, AM, AN, AP, AQ, AR, AS, AT, AU, AV, AW, AX, AY, AZ, and BA.

SHIV NAUBH SINGH, Jt. Secy.

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

New Delhi, the 7th February, 1963

No. 12/7/63-E.Pty.—In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 133-V of the Defence of India Rules, 1962, the Central Government is pleased to order that all property in India, moveable or immoveable, belonging to, or held by or managed on behalf of Mr. Char Nee Khong (Chinese Restaurant), Digboi shall vest in the Custodian of Enemy Property for India.

C. S. RAMACHANDRAN, Jt. Secy.

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 1963

सं० 15(21) टेक्स (डी०)/62.—भारत सरकार ने बम्बई में एक ऊनी माल निर्यात संवर्धन पेनल (गठन) गठित करने का विनिश्चय किया है। पेनल (गठन) के कृत्य इस प्रकार होंगे—

